# सूर्या फाउण्डेशन

## मासिक पत्रिका

## सितंबर – 2024




शिक्षा

स्वास्थ्य

पर्यावरण










स्वावलंबन

समरसता

# संदेश...



"ग्राम विकास से देश विकास" के मॉडल को सामने रखकर आप सभी एक ऐसा गाँव बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जहाँ सभी ग्रामीण शिक्षित हों, स्वस्थ हों, निरोगी हों, हर हाथ को काम, हर खेत को पानी हो, आपस में मिलकर रहें, पूरा गाँव स्वच्छ हो, नशामुक्त हो, गाँव के सभी किसान समृद्ध व खुशहाल हों। आप सभी ने पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्षारोपण महाअभियान के तहत अधिक से अधिक वृक्ष लगाये हैं एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में भी अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया है। साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य शिविर, पशु चिकित्सा शिविर, पर्यावरण संरक्षण हेतु ईको ब्रिक्स, रक्तदान, नेत्र चिकित्सा शिविर के माध्यम से ग्रामीण लोगों को प्रत्यक्ष लाभ पहुँचाने के कार्य किये हैं। इसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएँ।

**पद्मश्री**
**जयप्रकाश अग्रवाल**
**चेयरमैन - सूर्या फाउण्डेशन**

**मेरा गाँव**
**मेरा बड़ा परिवार**

# सेवाभावी शिविर







सूर्या साधना स्थली झिंझोली, दिल्ली में पाँच दिवसीय सेवाभावी शिविर लगाया गया। जिसमें 8 राज्य के 55 सेवाभावियों ने हिस्सा लिया। ऐसे सेवाभावी जिन्होंने अपने गाँव में विशेष काम किया हैं। उनको चयन कर प्रशिक्षण दिया गया जिसमें गौ-उत्पाद, जैविक खेती के साथ-साथ उनकी दैनिक दिनचर्या पर विशेष जोर दिया गया। जिससे वो अपने गाँव में सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव की गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। शिविर में अनेक वक्ताओं के माध्यम से मार्गदर्शन मिला साथ ही दिल्ली भ्रमण भी करवाया गया।

# देशभर में स्वच्छता कार्यक्रम

सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत देशभर के 16 राज्यों के 341 गाँवों में स्वच्छता कार्य किया गया। गाँव के सार्वजनिक स्थान, तालाब, विद्यालय परिसर, सड़कें नालियाँ, मंदिर परिसर आदि स्थानों पर स्वच्छता कार्य किया गया। 213 स्थानों पर गाँव के लोगों द्वारा स्वच्छता पर रैली निकाली गई। 144 गाँवों में सूर्या संस्कार केन्द्र के बच्चों द्वारा स्वच्छता पर चित्रकला प्रतियोगिता भी कराई गई। इस कार्यक्रम में लगभग 3412 लोगों ने भाग लिया। 'स्वच्छता भी सेवा है' थीम को ध्यान में रखते हुए ग्रामवासियों ने खूब बढ-चढ कर इस अभियान में सहभागिता की।


मेरठ (उत्तर प्रदेश)


हिन्दूपुर (आन्ध्र प्रदेश)


दार्जिलिंग (प. बंगाल)


गंजाम (ओड़िसा)


जयपुर (राजस्थान)


बरेली (उत्तर प्रदेश)


राजनांदगाँव (छत्तीसगढ़)


असम


अरावल्ली (गुजरात)


काशी (उत्तर प्रदेश)

# ईको ब्रिक्स कार्यक्रम

सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत (बहादुरगढ़–हरियाणा, जोधपुर–राजस्थान, दार्जिलिंग–पश्चिम बंगाल, बीदर–कर्नाटक, हिन्दूपुर–आन्ध्र प्रदेश) में बच्चों एवं युवाओं द्वारा लगभग 2480 खराब प्लास्टिक बोतलों में 150 किलो खराब बिखरी हुई प्लास्टिक को एकत्रित करके ईकोब्रिक्स बनाई गई। **इन ईकोब्रिक्स का उपयोग ट्री–गार्ड, स्टूल, बेंच आदि बनाने में किया गया।** इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण में प्लास्टिक को बोतलों में भरकर एक जगह एकत्रित करना है, जिससे उनके द्वारा होने वाले नुकसान से बचा जा सके।




(हरियाणा)




जोधपुर (राजस्थान)






दार्जिलिंग (प. बंगाल)



बीदर (कर्नाटक)

# थैला वितरण

सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत हिन्दूपुर (आन्ध्र प्रदेश), जोधपुर (राजस्थान) में 216 परिवारों को कपड़े का थैला वितरण किया गया। प्लास्टिक मुक्त भारत के अन्तर्गत परिवारों में प्लास्टिक के थैले का उपयोग बन्द कर कपड़े से बने थैले का उपयोग कर रहे हैं।



जोधपुर (राजस्थान)




हिन्दूपुर (आन्ध्र प्रदेश)

# सरकारी योजना शिविर

सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत 16 राज्यों के 28 गाँवों में सरकारी योजना का शिविर लगाया गया। इन शिविरों में किसानों, युवाओं, महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाएँ फसल बीमा, पशुधन बीमा, सोयल हेल्थ कार्ड, किसान सम्मान निधि, ई-श्रम कार्ड, उज्जवला, पेंशन, लाडली बहना, सुमंगला, सुकन्या, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, स्वच्छ भारत मिशन सहित अनेक योजनाऐं शामिल हैं। 1797 ग्रामीणों का रजिस्ट्रेशन कर सरकारी योजना से जोड़ा गया।


अरावल्ली (गुजरात)


कानपुर (उत्तर प्रदेश)


बहादुरगढ़ (हरियाणा)


काशीपुर (उत्तराखण्ड)


जोधपुर (राजस्थान)




(महाराष्ट्र)


काशी (उत्तर प्रदेश)

# रक्तदान शिविर

सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत हिन्दूपुर के गोल्लापुरम गाँव एवं हरियाणा के नयागाँव में रक्तदान शिविर लगाया गया। इन शिविरों में आस–पास 2 गाँवों से 94 लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें 94 यूनिट रक्त जमा हुआ। रक्तदान करने से दूसरों की मदद होती है, जिससे आवश्कता पड़ने पर किसी व्यक्ति को बचाया जो सकता है।



बहादुरगढ़ (हरियाणा)




हिन्दूपुर (आन्ध्र प्रदेश)




# उत्पाद प्रदर्शनी

सूर्या फाउण्डेशन द्वारा संचालित महिला स्वयं सहायता समूहों के स्थानीय उत्पादों की पहचान को बढ़ावा देने के लिए समय–समय पर स्टॉल लगाया जाता है। स्टॉल में विभिन्न प्रकार के स्थानीय उत्पाद जैसे खाद्य सामग्री, हस्तशिल्प सामग्री सर्फ पाउडर शामिल है। ये स्टॉल स्थानीय उत्पादकों के लिए बाजार और ग्राहकों के लिए विशिष्ट खरीददारी स्थल की भूमिका निभाता है। महिलाएँ अपने उत्पादों का स्थानीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। इसके साथ ही उन्हें बढ़ते प्रतिस्पर्धा के चलते बाजार में नई दिशाओं में सोचने का अवसर मिलता है। इस कार्य से जुड़कर महिलाएँ आत्मनिर्भर बन रही हैं



झिंझोली (दिल्ली)



(दिल्ली)



(भुज, गुजरात)

# कूड़ादान वितरण

सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत हिन्दूपुर (आन्ध्र प्रदेश), कानपुर (उ.प्र.), पंजाबी बाग (दिल्ली) में कूड़ादान वितरण शिविर लगाकर 130 परिवारों को कूड़ादान वितरण किया गया। सार्वजनिक स्थानों पर भी कूड़ादान रखवाये गये। जिससे इधर-उधार फैलने वाली गंदगी को रोका जा सकता है, साथ ही इससे होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है।





कानपुर (उत्तर प्रदेश)



हिन्दूपुर (आन्ध्र प्रदेश)

# प्रशिक्षण से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर



काशी (उत्तर प्रदेश) में सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना द्वारा प्रेरित लक्ष्मीबाई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सेवापुरी के गांधी आश्रम काशी में ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत दोना पत्तल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। दोना पत्तल का प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सरकार द्वारा 5 महिलाओं पर एक मशीन दिया जाएगा। जिससे समूह की महिलाएँ घर पर ही रोजगार कर सकें और आसानी से अपनी आमदनी बढ़ा सकें।

# नेत्र चिकित्सा शिविर

सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत 7 स्थानों पर (काशीपुर-उत्तराखण्ड, पंजाबी बाग-दिल्ली, जोधपुर-राजस्थान, भिण्ड-मध्य प्रदेश, भुज-गुजरात, मथुरा-उत्तर प्रदेश, बहादुरगढ़-हरियाणा) नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने उपस्थित सभी मरीजों की आँखों की जाँच की व जरूरतमंद लोगों को दवायें दी। इन शिविरों के माध्यम से लगभग 770 महिला व पुरुषों ने आँखों की जाँच कराई। इन शिविरों में 20 मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों का एम्स दिल्ली एवं अलग-अलग स्थानों पर निःशुल्क ऑपरेशन करवाया गया।


भिण्ड (मध्य प्रदेश)


काशीपुर (उत्तराखण्ड)


पंजाबी बाग (दिल्ली)


जयपुर (राजस्थान)


एम्स दिल्ली (मोतियाबिन्द आपरेशन)


भुज (गुजरात)


मथुरा (उत्तर प्रदेश)

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत 2 राज्यों (उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश) के 9 स्थानों पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को सामान्य जाँच बी.पी, सुगर एवं मौसम अनुसार होने वाले रोगों का उपचार कर दवा दिया गया। इस शिविर में 702 महिला व पुरुषों का जाँच एवं उपचार कर दवा दी गई।


मालनपुर, भिण्ड (मध्य प्रदेश)





काशी (उत्तर प्रदेश)



भिण्ड (मध्य प्रदेश)


भिण्ड (मध्य प्रदेश)



सीहार (मध्य प्रदेश)


काशीपुर (उत्तराखण्ड)


दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल)

# पशु चिकित्सा शिविर

सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत काशीपुर–उत्तराखण्ड, कच्छ–गुजरात, असम, दार्जिलिंग–पश्चिम बंगाल, हिन्दूपुर–आन्ध्र प्रदेश में पशु चिकित्सा एवं टीकाकरण शिविर लगाया गया। शिविर में उत्कृष्ट पशु चिकित्सकों को पशुओं में होने वाली बीमारियों की जाँच व निःशुल्क दवाईयाँ भी वितरित की गई। शिविर में 110 पशुपालक परिवारों के 558 से भी ज्यादा पशुओं की जाँचकर टीकाकरण किया गया।


दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल)



भुज (गुजरात)


(असम)


हिन्दूपुर (आन्ध्र प्रदेश)







# दिव्यांगों को वैसाखी एवं ट्राई साईकिल वितरण

सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत भिण्ड (मध्य प्रदेश), मथुरा (उत्तर प्रदेश) में गाँव के ऐसे व्यक्ति जो शारीरिक रूप से असहाय थे। ऐसे 15 व्यक्तियों को स्टिक, वैसाखी एव ट्राई साईकिल वितरण किया गया। गाँव के इन दिव्यांगजनों को अभी तक किसी प्रकार की सरकारी मदद नहीं मिली थी। भविष्य में इन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का भी प्रयास संस्था करेगी।

# मेले में लगाई गई सामानों की प्रदर्शनी



पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित दीनदयाल धाम, मथुरा (उ.प्र.) मेले में सूर्या फाउण्डेशन द्वारा प्रेरित 5 राज्यों से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। चार दिवसीय मेले में खूब खरीददारी हुई। मथुरा एस.डी.एम, सी.एम.ओ, विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक आ. दिनेश जी सहित अन्य अधिकारियों ने स्टॉल का विजिट किया।





# समाचार पत्रों में कार्यक्रम की झलकियाँ...

## नया गांव में 47 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

सूर्या फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत नया गांव में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 47 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में सरपंच रोहतास सैनी, कामेश्वर, अजय सूर्यवंशी, डॉ. गोविंद सिंह व कमल कुमार ने दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने बताया कि सूर्या फाउंडेशन द्वारा 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। तमाम गतिविधियों के माध्यम से सूर्या फाउंडेशन स्वच्छता के संदेश को फैला रही है।



बहादुरगढ़। नया गांव स्थित कैंप में रक्तदान करते युवा।

## सेवा पखवाड़े की अंतर्गत लगाया गया निशुल्क नेत्र शिविर

दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता महाराजपुर

महाराजपुर/ सूर्या फाउंडेशन आदर्श गाँव योजना के अंतर्गत चल रहे सेवा पखवाड़े में ग्राम टुड़ीला जिला भिंड मध्य प्रदेश में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन सूर्या फाउंडेशन व सद्गुरु सेवा नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट ग्वालियर द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य चिकित्सक डॉक्टर कृष्णपाल सिंह चौहान जी, एवं सहायक टीम ... व दिलीप ... उपस्थित होकर ग्रामवासियों की आँखों की जाँच की एवं दवाई शुरू किया। शिविर में कुल 56 ग्रामवासी आये। जिनमें से 4 को ऑपरेशन हेतु ग्वालियर हॉस्पिटल ले जाया गया। 11 मरीजों को चश्मे उपलब्ध करवाने हेतु हॉस्पिटल में बुलाया गया है। ग्राम सरपंच ... सिंह ने शिविर में आये सभी डॉक्टर की टीम का धन्यवाद किया एवं सूर्या फाउंडेशन द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में सूर्या फाउंडेशन के मध्य प्रदेश प्रभारी प्रमुख रवि शंकर तिवारी जी ने बताया कि ये सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा आदि के कार्यक्रमों का आयोजन महाराजपुर के आसपास 11 गांवों में किये जा रहे हैं। जिससे गाँव के लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में शिक्षक अरुण शर्मा, सेवाकर्मी ... सिंह तोमर, ... सिंह आदि सभी उपस्थित रहे।




અરવલ્લી જિલ્લા નું સોશિયલ મીડિયા અખબાર

અંક - ૪૭૨૧





અરવલ્લી, સૂર્યા ફાઉન્ડેશન સંચાલિત સૂર્ય... અંતર્ગત "સેવા પખવાડિયા" નિમિત્તે અર... ભવાનપુ, ખેરંચા ગામમાં સરકારી યોજના... નું આયોજન કરવામાં આવ્યું હતું, જેમાં ... થી શત્રુઘ્નજી, મિશન મંગલમ ના મયુરભા... કનુભાઈ પંચાલ તેમજ સખી મંડળની બહે...

## सूर्या फाउंडेशन द्वारा पांच दिवसीय सेवाभावी शिविर संपन्न





## सूर्या फाउंडेशन ने लगाया ग्राम टीला में पशु चिकित्सा शिविर



( संवाददाता प्राईम काशीपुर )

काशीपुर। सूर्या फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र के ग्राम टीला में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर मालिका चौधरी और डॉक्टर सोमनाथ रहे।

50 परिवारों के 170 पशुओं का उपचार किया गया जिसमें कैल्सियम, चीचड़, भूख न लगना, ग्याभन समस्या, जख्म, पेट में कीड़े, खुर, टीकाकरण आदि बीमारियों हेतु दवाई दी एवं लोन व बीमा से सम्बंधित लेने की जानकारी दी गई कि किस प्रकार से हम पशुओं पर कम ब्याज दरों पर लोन ले सकते हैं और किस प्रकार हम बीमा का लाभ ले सकते हैं। उत्तराखंड क्षेत्र प्रमुख हिमांशु से आई टीम का धन्यवाद किया और आगे भी आपका सहयोग मिलता रहेगा। कार्यक्रम में पशु सखी मायावी, सुनील, सचिन, गौरव, शिवम, मोहित आदि रहे।

## సూర్య ఫౌండేషన్ ఆధ్వర్యంలో స్వచ్ఛత హీ సేవ.

హిందూపురం (అక్షర సాగరం) అక్టోబర్ 2(స్థానిక మండల పరిధిలోని తూమకుంట - గోళ్ళాపురం గ్రామాలలో గల సూర్య ఫౌండేషన్ ఆధ్వర్యంలో బుధవారం స్వచ్ఛ తా హి కార్యక్రమం నిర్వహించారు. ఆదర్శ గావ్ యోజన కింద ప్రతి యేటా సెప్టెంబర్ 17 నుండి అక్టోబర్ 2 వరకు స్వచ్ఛత ప్రచార కార్యక్రమం నిర్వహిస్తారు. దీని కింద హిందూపురం ప్రాంతంలోని గుడంపల్లి గ్రామంలో డస్ట్‌బిన్ పంపిణీ కార్యక్రమం మరియు పాలిథిన్ రహిత ప్రచారం కింద బ్యాగ్ ల పంపిణీ కార్యక్రమం జరిగింది. ముఖ్య అతిథిగా మాజీ ఎమ్మెల్సీ ఆదినారాయణ, గోళ్ళాపురం సర్పంచ్ దేవరాజు, శివాలయ చైర్మన్ చంద్రశేఖర్, సూర్య రోష్ని లిమిటెడ్ ప్లాంట్ హెడ్ అఖిలేష్ సింగ్, సీపీవో మాణిక్ పాటిల్ ,గోపాల్ , బాబు, గ్రామ ప్రజలు పాల్గొన్నారు. చిన్న చిన్న విషయాలను మెరుగుపరుచుకోవడం ద్వారా పరిశుభ్రతను ఎలా



అలవర్చుకోవచ్చో మన ఇంటి నుండి, ఆ తర్వాత గ్రామ సమాజం నుండి మరియు దేశం నుండి పరిశుభ్రతను ప్రారంభించాలని ఆదినారాయణ గ్రామ ప్రజలందరికీ చెప్పారు. మన చుట్టూ చెత్త వేయకూడదని, దీని వల్ల మనకు రోగాలు వస్తాయని అందుకే మన చుట్టూ పరిశుభ్రత పాటించాలని మాణిక్ పాటిల్ చెప్పారు. ఈ కార్యక్రమంలో గ్రామ ప్రజలు పాలు పంచుకొన్నారు.

**SURYA FOUNDATION**
B-3/330, Paschim Vihar, New Delhi-110063
Tel. : +91-25261588, 25253681 | +91-9310214842
Email: contact@suryafoundation.org | www.suryafoundation.org